# आतंक को मदद न दे पोलैंड

## आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस' अपनाने की जयशंकर की दो टूक

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए.**

डॉ. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं. उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए. विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी.



पीएम नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर पोलैंड के उप प्रधानमंत्री को व्यक्तिगत रूप से किया रिसीव।

> उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है. विदेश मंत्री ने कहा कि वह आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं. विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है. उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं.

# जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपने का समय

### मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर के कार्यक्रम में कहा

**नागपुर. 19 जनवरी. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इशारों-इशारों में पीढ़ीगत नेतृत्व परिवर्तन को लेकर बड़ा बयान दिया है.**

'एडवांटेज विदर्भ' औद्योगिक महोत्सव के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि जब कोई व्यवस्था सुचारू रूप से चलने लगे, तो अगली पीढ़ी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालनी चाहिए और पुरानी पीढ़ी को पद छोड़ देना चाहिए. गडकरी ने कहा कि 'एडवांटेज विदर्भ' पहल में



युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है. उन्होंने आयोजन से जुड़े आशीष काले का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पिता उनके पुराने मित्र हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि युवा आगे आएं और नेतृत्व संभालें. गडकरी ने कहा, 'मेरा मानना है कि धीरे-धीरे पीढ़ी में बदलाव आना चाहिए. जब नई पीढ़ी व्यवस्था को अच्छी तरह संभालने लगे, तब वरिष्ठों को भी सेवानिवृत्त होकर अन्य रचनात्मक कार्यों में योगदान देना चाहिए.

> इस आयोजन का उद्देश्य विदर्भ को भारत के औद्योगिक मानचित्र पर एक मजबूत और उभरते विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है. गडकरी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उद्योग, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र तथा सेवा क्षेत्र की अहम भूमिका होती है. उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में कपड़ा, प्लास्टिक, खनिज, कोयला, विमानन, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा, रियल एस्टेट, नवीकरणीय ऊर्जा और स्टार्टअप जैसे विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों की भागीदारी होगी. उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन विदर्भ के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा.

# कैफे कॉफी डे को राहत, फेमा कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक


**बेंगलुरु, 19 जनवरी.** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को कैफे कॉफी डे (सीसीडी) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मालविका हेगड़े के खिलाफ विदेश मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत शुरू की गई कार्रवाई पर रोक लगाते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया. श्रीमती हेगड़े को यह राहत 2022 में दर्ज एक शिकायत से जुड़े मामले में मिली है. यह अंतरिम राहत उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने श्रीमती हेगड़े द्वारा प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा फेमा कार्रवाई शुरू करने को चुनौती देने वाली याचिका पर शुरुआती दलीलें सुनने के बाद दी.

# गुजरात से गुंडाराज खत्म करेंगे : केजरीवाल

### बीजेपी के गढ़ गुजरात में 'आप' का चुनावी शंखनाद

**अहमदाबाद, 19 जनवरी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में बीजेपी सरकार पर सीधा हमला बोला है. महाराष्ट्र चुनाव नतीजों के तुरंत बाद गुजरात पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि सरदार पटेल और महात्मा गांधी की धरती पर अब गुंडागर्दी और अन्याय नहीं चलेगा.**

> महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव नतीजों के अगले ही दिन गुजरात पहुंचे केजरीवाल ने इसे महज दौरा नहीं, बल्कि 2027 विधानसभा चुनाव की शुरुआत बताया. उन्होंने कहा कि सरदार पटेल और महात्मा गांधी की धरती पर डर और दबाव की राजनीति नहीं चल सकती. केजरीवाल ने दावा किया कि आने वाले नगर निगम और स्थानीय निकाय चुनाव सेमीफाइनल साबित होंगे, जिसमें बीजेपी, कांग्रेस और आप की असली ताकत सामने आएगी. गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में 14 फीसदी वोट शेयर के साथ पांच सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था. इससे पहले सूरत नगर निगम में 27 सीटें जीतकर पार्टी ने मजबूत दस्तक दी थी. राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, पिछले कई दशकों में गुजरात में किसी तीसरी पार्टी का यह सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन माना गया.



उन्होंने दावा किया कि गुजरात के किसान और आम लोग बदलाव के लिए एकजुट हो रहे हैं और 2027 में बीजेपी को सत्ता से बाहर करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश तेज कर दी है. दि के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तीन दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में गुंडाराज चल रहा है, जिसे जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि गुजरात के किसान, युवा और आम लोग अन्याय के खिलाफ खड़े हो चुके हैं और बदलाव की कसम खा रहे हैं.

# तमिल सुपरस्टार विजय भगदड़ केस में सीबीआई मुख्यालय पहुंचे

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. अभिनेता और राजनेता विजय सोमवार को करूर भगदड़ मामले से जुड़े दूसरे दौर की पूछताछ का सामना करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुख्यालय पहुंचे.**

जांच के सिलसिले में तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के नेता विजय को आज सीबीआई के सामने फिर से पेश होने के लिए बुलाया गया. इससे पहले उनका बयान 12 जनवरी को दर्ज किया गया था, जब उनसे लगभग सात घंटे तक पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उन्हें जाने की अनुमति दी गई थी. विजय ने उस समय मीडिया से बात नहीं की और



तमिलनाडु लौट गए. श्री विजय आज सुबह लगभग 10-15 बजे सीबीआई मुख्यालय पहुंचे. जांच की एक अहम कड़ी कार्यक्रम के निर्धारित समय और विजय के पहुंचने के बीच बताए गए सात घंटे के अंतर से जुड़ी रही है और यह कि क्या इस देरी ने भीड़ बढ़ने और उसके बाद मची अफरा-तफरी उनका हाथ था. पहली पूछताछ के दौरान एजेंसी ने उनसे कई मुद्दों पर सवाल किए.

# भ्रामक पोस्ट करने वाले 8 लोगों पर केस दर्ज

### मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों के तोड़े जाने पर हुआ विवाद

**वाराणसी, 19 जनवरी. धार्मिक नगरी काशी के मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों के तोड़े जाने का विवाद अभी थमता नजर नहीं आ रहा है. विपक्ष लगातार इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने में जुटा हुआ है.**


सोमवार को सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि मणिकर्णिका घाट से जुड़े कई भ्रामक पोस्ट किए गए हैं तथा उन्हें रीट्वीट भी किया गया है. प्रोजेक्ट मैनेजर और नगर निगम के अधिकारियों द्वारा दी गई तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. सभी हैंडल्स की डिटेल निकाली जा




रही है ताकि आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके. श्री त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया को लगातार मॉनिटर किया जा रहा है. विवादित भ्रामक एआई जनरेटेड वीडियो, फोटो या कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट, रीट्वीट करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. विश्वनाथ धाम में स्थापित महादेव के एक मंदिर को मणिकर्णिका घाट से जोड़कर भी भ्रामक तरीके से वायरल किया गया, जो पूरी तरह असत्य है.

> **मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं और ये धर्म की राजनीति कर रहे हैं- कांग्रेस**
>
> **मथुरा.** बनारस के मणिकर्णिका घाट पर माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को मथुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया. उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा. पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप माथुर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला.

## एक नजर में



### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के हल्के झटके

**नई दिल्ली, 19 जनवरी.** राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये. रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गयी. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी. राजधानी में सुबह आठ बजकर 44 मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस होने पर कई इलाकों में लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आये. भूकंप के झटके हालांकि हल्के थे जिससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान नहीं हुआ. भूकंप का केंद्र उत्तर दिल्ली बताया गया है.

### चीन की फैक्ट्री में विस्फोट से 2 लोगों की मौत

**होहहॉट, 19 जनवरी.** उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक फैक्टरी में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गयी और 84 अन्य घायल हो गये. विस्फोट के बाद आठ लोग लापता हैं. स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. यह विस्फोट रविवार अपराह्न तीन बजे पश्चिमी बाओतौ शहर में बाओगांग यूनाइटेड स्टील के एक प्लेट प्लांट में हुआ. बाओतौ के कार्यकारी उप महापौर लिन ली ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि यह हादसा 650 घन मीटर क्षमता वाले संतृप्त पानी और भाप से भरे गोलाकार टैंक के फटने के कारण हुआ. श्री लिन के अनुसार इस विस्फोट में घायल 84 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बनी हुयी है, जबकि बाकी 79 को चेहरे पर चोट और सॉफ्ट टिश्यू में चोट जैसी मामूली चोटें आयी हैं. सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है.

### अभद्रता का आरोप, अनशन पर बैठे शंकराचार्य

**प्रयागराज 19 जनवरी.** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर रविवार को अभद्रता से आहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अनशन पर बैठ गये हैं. शंकराचार्य जी रविवार से लगातार बिना अन्न जल के धरने पर बैठे हैं. शिविर के बाहर ही दण्ड तर्पण और पूजन भी किया है. शंकराचार्य की मांग है कि प्रशासन प्रोटोकॉल के साथ उन्हें ले जाकर गंगा स्नान कराए. गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी और भक्तों के साथ स्नान की अनुमति न दिए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ विवाद हुआ था. विवाद शंकराचार्य के शिष्यों और भक्तों के साथ पुलिस की धक्का मुक्की भी हुई थी. संगम नोज पर भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कम संख्या में पैदल जाकर स्नान करने की पेशकश की थी. प्रशासन से बात न बनने के चलते संगम नोज वॉच टावर के पास जमकर हंगामा भी हुआ था. इसके बाद शंकराचार्य को पुलिस प्रशासन ने बैरंग वापस लौटा दिया था.

# खड़गे और राहुल देश को गुमराह कर रहे

## जी-राम-जी योजना पर कांग्रेस के झूठ पर शिवराज का पलटवार

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी चिट्ठी झूठ और फरेब से भरी हुई है.**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी झूठा प्रचार और भ्रम फैलाकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाई गई नई 'विकसित भारत जी-राम-जी' योजना




गरीबों, मजदूरों और गांवों के विकास के लिए एक मजबूत कदम है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने अपना मूल चरित्र ही छोड़ दिया है. कांग्रेस ने अपना आइडिया, आइडियोलॉजी और आइडियल तीनों छोड़ दिए हैं.

> उन्होंने आरोप लगाया कि 1971 में गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस ने गरीबों को ही हाशिए पर धकेल दिया, जबकि केंद्र सरकार में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं. मनरेगा पर कांग्रेस के आरोपों का सप्रमाण जवाब-कागजी अधिकार बनाम ज़मीन पर अधिकार सिंह ने कहा कि यूपीए सरकार ने केवल कागज पर अधिकार दिया था, जबकि मौजूदा सरकार ने उन अधिकारों को जमीन पर मजबूत किया है.

# अमेरिकी राजदूत गोर, सिनेटर स्टीव डेनिस के साथ पीयूष गोयल से मिले

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. भारत में अमेरिका के नये राजदूत सर्जियो गोर ने एक अमेरिकी सांसद के साथ सोमवार को यहां केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और इस दौरान उनके बीच पारस्परिक संबंधों पर उपयोगी बातचीत हुई.**

श्री गोर के साथ अमेरिका की संसद के उच्च सदन सीनेट के सदस्य स्टीव डेनिस भी थे. श्री गोयल ने कहा कि इस मुलाकात में भारत अमेरिका संबंधों पर सार्थक चर्चा की. श्री गोयल ने राजदूत गोर व सांसद डेनिस के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा, अपने अच्छे दोस्तों,



अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेनिस-भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से दोबारा मिलकर बहुत खुशी हुई. भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ. उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यवसायी और अपने निकट राजनीतिक सहयोगी श्री गोर को भारत के लिए राजदूत और पश्चिम एशिया का विशेष दायित्व भी दिया है.

## आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1838 | पंजाब के महाराज रणजीत सिंह के सबसे छोटे पुत्र दलीप सिंह का जन्म। |
| 1869 | पेंसिल्वेनिया के अवोंदेल में एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे। |
| 1905 | अटलांटा जीवन बीमा कंपनी की शुरुआत हुई। |
| 1914 | फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारम्भ। |
| 1924 | इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफल। |
| 1929 | भारतीय फ़िल्मि निर्माता यश जौहर का जन्म। |
| 1939 | नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की। |

# शत्रुजीत कपूर बने आईटीबीपी के नए महानिदेशक

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. केंद्रीय सरकार के आदेशों के अनुपालन में श्री शत्रुजीत कपूर, आईपीएस (हरियाणा - 1990) 19 जनवरी 2026 (पूर्वाह्न) से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया.**

उन्होंने यह पदभार श्री प्रवीण कुमार, (भा. पु. से.) से ग्रहण किया, जिन्हें सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर आई.टी.बी.पी. मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त औपचारिक समारोह के दौरान बैटन का विधिवत हस्तांतरण किया गया. इस विशिष्ट बल में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व श्री शत्रुजीत कपूर ने अपने मूल कैडर हरियाणा में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है. इनमें पुलिस महानिदेशक एवं राज्य पुलिस बल के प्रमुख; राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक, हरियाणा की दो विद्युत वितरण कंपनियों के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सीआईडी प्रमुख तथा राज्य अपराध शाखा के प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्व शामिल हैं. अपने 35 वर्षों के गौरवपूर्ण सेवाकाल के दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन (कोसोवो) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में भी अनेक महत्त्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है.

# 86वां पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित



**लखनऊ, 19 जनवरी. 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) सोमवार को लखनऊ में विधिवत रूप से आरंभ हुआ. यह सम्मेलन 21 जनवरी तक चलेगा.**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, अध्यक्ष के सलाहकार राम नारायण यादव सहित देश भर से अनेक पीठासीन अधिकारी, विधान सभाओं एवं विधान परिषदों के सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं. सोमवार को सचिव सम्मेलन का उद्घाटन किया गया. इस सम्मेलन में निर्धारित कार्यसूची के बिंदुओं पर चर्चा की गई.

# राजमार्गों के पास शराब दुकानों पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली, 19 जनवरी.** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य भर में राष्ट्रीय या राजमार्गओं के 500 मीटर के दायरे में मौजूद सभी शराब की दुकानों को हटाने या दूसरी जगह ले जाने का निर्देश दिया गया था. न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और राजस्थान राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया. श्री मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाकर्ता का समर्थन किया.

**सियासी हलचल** | छत्तीसगढ़ में प्रभारी की भूमिका निभाकर संगठनात्मक क्षमता का दिया परिचय

# बिहार की राजनीति से उभरे नितिन नबीन

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही मौजूदा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का नाम सबसे आगे चल रहा है.**

बिहार की राजनीति से उभरे और संगठन में मजबूत पकड़ रखने वाले नितिन नबीन को भावी अध्यक्ष के तौर पर देखा जा रहा है. ऐसे में भाजपा के अब तक के अध्यक्षों, कार्यकारी प्रमुखों और नेतृत्व के इतिहास पर भी चर्चा तेज हो गई है. नितिन



नबीन बिहार की राजनीति का जाना-पहचाना चेहरा हैं. वह जेपी आंदोलन से राजनीति में सक्रिय रहे दिवंगत नेता नबीन सिन्हा के बेटे हैं. नितिन नबीन का जन्म मई 1980 में रांची, झारखंड में हुआ. 23 मई को पटना में जन्मे नितिन नबीन ने कम उम्र में ही राजनीति में कदम रखा और पटना पश्चिम से उपचुनाव जीतकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की. इसके बाद से उनका जीत का सिलसिला जारी है. नितिन नविन खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताते है. चुनावी हलफनामे अनुसार उन्हें किसी आपराधिक मामले में दोषी साबित नहीं किया गया है. नितिन नबीन ने साल1996 में पटना के सेंट माइकल हाई स्कूल से मैट्रिक और 1998 में दिल्ली के सीएसकेएम पब्लिक स्कूल से इंटर की पढ़ाई पूरी की है. संगठन में भी नितिन नबीन ने कई अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं.

> आज अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का दिन तय है और मौजूदा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का नाम सबसे आगे माना जा रहा है. ऐसे में एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है कि भाजपा में अब तक कितने अध्यक्ष रहे हैं, कार्यकारी अध्यक्ष की व्यवस्था कब-कब की गई और सबसे लंबे समय तक पार्टी की कमान किसने संभाली. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर आज का दिन अहम माना जा रहा है.

# मुंबई एयरपोर्ट पर रोके गए ब्रिटेन के एनएचएस कंसल्टेंट

**मुंबई, 19 जनवरी.** ब्रिटेन के नागरिक और एनएचएस (यूके) के कंसल्टेंट डॉक्टर संग्राम पाटिल को रविवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय रोक लिया गया, जब वह स्वदेश लौटने की कोशिश कर रहे थे. यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब कुछ दिन पहले ही उनसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना से जुड़े सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मुंबई पुलिस ने पूछताछ की थी. डॉ. पाटिल इस महीने की शुरुआत में अपने परिवार के साथ भारत आए थे. 10 जनवरी को मुंबई पुलिस ने एक फेसबुक पोस्ट के संबंध में उनसे पूछताछ की थी.

# अपर्णा को बस अपनी चिंता मेरी नहीं : प्रतीक

**लखनऊ 19 जनवरी. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव और उनकी पत्नी अपर्णा यादव के वैवाहिक जीवन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है.**

प्रतीक यादव के नाम से चल रहे इंस्टाग्राम अकाउंट आई एम प्रतीक यादव से साझा की गई एक पोस्ट में विवाह संबंधों में तनाव का दावा करते हुए तलाक की बात कही गई है. इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतीक यादव ने लिखा है कि जल्द से जल्द तलाक की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं. पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि वह अब इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहते और अलग होने का निर्णय ले चुके हैं. पोस्ट में अपर्णा यादव



को लेकर कई गंभीर आरोप किए गए हैं. उन्होंने अपर्णा यादव को स्वार्थी महिला बताते हुए लिखा कि उनकी वजह से उनका पूरा परिवार बिखर गया. प्रतीक के अनुसार, उनकी पत्नी के व्यवहार ने पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और दूरी पैदा कर दी. प्रतीक यादव ने आरोप लगाया कि अपर्णा यादव केवल अपनी प्रसिद्धि, प्रभाव और सार्वजनिक पहचान बढ़ाने में लगी रहीं.

> उन्होंने कहा कि निजी रिश्तों और पारिवारिक मूल्यों की अनदेखी की गई, जिससे उनका वैवाहिक जीवन लगातार तनावपूर्ण होता चला गया. साथ ही पोस्ट में यह दावा भी किया गया है कि वैवाहिक संबंधों पर इसका असर पड़ा और घरेलू परिस्थितियां लगातार बिगड़ती चली गईं. हालांकि यह ध्यान देना जरूरी है कि सोशल मीडिया पर किए गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है. वहीं, इस पूरे घटनाक्रम पर अपर्णा यादव की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.